# अब हरियाणा में महाराजा अग्रसेन की जीवनी पढ़ेंगे पाँचवी कक्षा के छात्र, पाठ्यक्रम में किया गया शामिल

## चर्चा में क्यों?

23 अगस्त, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा सरकार ने महाराजा अग्रसेन की जीवनी स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल कर ली है। यह जीवनी पांचवीं कक्षा के हिन्दी विषय में पढ़ाई जाएगी। इसके लिये राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम की ओर से भी हरी झंडी मिल गई है।

## प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की ओर से माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक को लिखे पत्र में कहा गया है कि हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के दिशानिर्देश अनुसार महाराजा अग्रसेन का जीवन परिचय पाँचवी कक्षा के हिन्दी विषय के पाठ्यक्रम में जोड़ा है।
- विदित है कि 6 जुलाई, 2021 को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग के नेतृत्व में अग्रवाल समाज के लोगों ने महाराजा अग्रसेन की जीवनी स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करवाने की मांग की थी।
- 26 जुलाई, 2021 को विधानसभा अध्यक्ष ने यह मांग मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सामने रखी। अब इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दी गई है।
- ज्ञातव्य है कि महाराजा अग्रसेन मानवता के प्रवर्तक, अहिंसा के पुजारी, गणतंत्र के संस्थापक, गरीबों के मसीहा, राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक रहे हैं। उन्होंने 'एक ईंट-एक मुद्रा' की परंपरा शुरू कर समाज को नई दिशा दी। महाराजा अग्रसेन का हरियाणा के इतिहास से गहरा नाता रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/now-the-biography-of-maharaja-agrasen-will-be-read-by-the-students-of-class-v-in-haryana,-included-in-the-syllabus